बहरे युवक-युवतियों के लिए 'प्रणय मिलन सम्मेलन'

नई दिल्ली, जागरण संवाददाता : बहरे व्यक्ति अपनी भावनाओं को आसानी से व्यक्त नहीं कर पाते। जिस कारण सुंदर होने बावजूद उनका विवाह आसानी से नहीं हो पाता। इसी के मद्देनजर शादी डॉटकॉम और दिल्ली फाउंडेशन ऑफ डीफ वीमेन्स की ओर से राजधानी के अशोका होटल में रविवार को वार्षिक 'प्रणय मिलन सम्मेलन 2009' का आयोजित किया गया। सम्मेलन में 800 से अधिक बहरे युवक-युवतियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर नृत्यांगना सोनल मान सिंह मौजूद भी थीं।

सम्मेलन के प्रतिनिधि **अमित खन्ना** ने बताया है कि सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले अधिकतर युवक-युवतियों ने शादी डॉट कॉम में अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। लेकिन वह बहरेपन के कारण फोन से अपनी भावनाएं बांटने में असमर्थ थे। इसके लिए ऐसे युवक-युवतियों को मिलना जरूरी होता है। संस्थाओं के सहयोग से हर साल मिलन सम्मेलन आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन सफल रहा। इनमें से सैकड़ों को विवाह और कुंडली मिलाने के प्रस्ताव मिले हैं।

अशोका प्लेस में शादी डॉट कॉम द्वारा बहरे युवती के लिए आयोजित प्रणय मिलन सम्मेलन 2009 का उदघाटन करती कथक नृत्यांगना सोनल मान सिंह। मनोज कुमार